PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Sat, 10 Jun 2017, Page 2
Width: 24.38 cms, Height: 26.64 cms, a3, Ref: 30.2017-06-10.19

# पीएम आवास योजना से जुड़ेगी DDA हाउसिंग स्कीम

Maneesh.Aggarwal
@timesgroup.com

**अपना घर...**

- पीएम आवास योजना से जुड़ने पर लोगों को करीब ढाई लाख का फायदा होगा
- जो इस योजना के दायरे में नहीं आना चाहेंगे, वे भी एप्लाई कर सकेंगे

**नई दिल्ली :** करीब 13 हजार फ्लैटों की डीडीए की नई हाउसिंग स्कीम को प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) से भी जोड़ा जा रहा है। यानी जो लोग दिल्ली में अपना घर होने का सपना संजोए बैठे हैं, उनके लिए यह राह और आसान होने वाली है। जो लोग इस योजना के तहत लाभ उठाना चाहेंगे, उन्हें इसके लिए विकल्प दिया जाएगा। लेकिन शर्त वही होगी कि वह पीएम आवास योजना की तमाम शर्तें पूरी करते हों।

डीडीए सूत्रों ने बताया कि अब हाउसिंग स्कीम को लॉन्च करने का काम अंतिम चरण में है। इसे लॉन्च किया ही जाने वाला था कि बीच में इस स्कीम को पीएम आवास योजना से जोड़ने की प्लानिंग की जाने लगी। इसी वजह से इसे थोड़ा डिले करना पड़ा, लेकिन अब काम लगभग पूरा हो चुका है। इस मामले में बैंकों से भी बातचीत हो गई है कि वे किस तरह से पीएम आवास योजना के तहत लोगों को फायदा देंगे और लोगों को क्या करना होगा।

एक अधिकारी के मुताबिक, स्कीम में ईडब्लूएस, एलआईजी और एमआईजी कैटिगरी वालों को करीब ढाई लाख रुपये का फायदा होगा। फ्लैट लेने के लिए जो लोग इस योजना के तहत लोन लेंगे, उन्हें सब्सिडी मिलेगी। बताया जाता है कि डीडीए अपनी इस स्कीम में दोनों विकल्प रख रहा है। यानी जो लोग पीएम आवास योजना के तहत फ्लैट लेना चाहेंगे, वे इसमें एप्लाई कर सकेंगे और जो लोग पीएम आवास योजना के दायरे में नहीं आना चाहेंगे, वे भी इस हाउसिंग स्कीम में आवेदन कर सकेंगे। पीएम आवास योजना के तहत आवेदक के पास अपने नाम कोई और घर नहीं होना चाहिए। ऐसे में डीडीए इस बात का भी पूरा ख्याल रख रहा है कि इस बार उनकी हाउसिंग स्कीम फेल न हो जाए, क्योंकि 2014 में उनकी इस हाउसिंग स्कीम के तहत हजारों लोगों ने ड्रॉ में निकले फ्लैटों को सरेंडर कर दिया था। अब डीडीए चाहता है कि किसी भी तरह लोग उनके फ्लैटों को सरेंडर न करे। इसी वजह से उसने इनकी कीमत में इजाफा भी नहीं किया। इसके अलावा गरीब लोगों को उनका घर होने के मकसद से भी वह इस पर काम कर रहा है।

योजना को इस तरह से सरकारी फ्लैटों को बेचने वाली योजना में शामिल किया जा रहा है। स्कीम को लॉन्च करने के बारे में डीडीए का कहना है कि उम्मीद है कि इसी महीने हम इसे पब्लिक के सामने ले आएं। पहले 20 जून के आसपास इसकी लॉन्चिंग डेट रखने की बात कही जा रही थी, लेकिन अब इस स्कीम को प्रधानमंत्री आवास योजना से लिंक करने की वजह से थोड़ी देरी हो सकती है।